हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, रविवार, 31 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 14.6 डिग्री
न्यूनतम 7.7 डिग्री

15 150 रक्तदाताओं को हेलमेट किए वितरित



16 2023 में अपराधी बने रहे चुनौती



## खबर संक्षेप

### गोली मारने का आरोपित युवक जांच में शामिल

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर सोनीपत पुलिस ने गोली मारकर घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित को जांच में शामिल किया है। आरोपित जितेंद्र राठी उर्फ जीता निवासी पुरखास हाल में जीवन विहार का है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय के आदेश में बेल पर छोड़ दिया। शिव कॉलोनी निवासी निशांत ने गत 1 सिंतबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने दोस्त की स्कूटी पर आटा मिल में जा रहा था। उसी दौरान स्कूटी सवार दो युवकों के साथ कहासुनी हो गई। उसके बाद वह ऑटा मिल पर चले गए। दो गाड़ियों में 7-8 लड़के वहां पर पहुंचे। जहां एक ने जान से मारने की नीयत से गोली मारी।

### मोबाइल टावर से सामान चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के गांव बढ़मलिक में लगे टावर से सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के कारिंदे ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।भठगांव निवासी अरविन ने बताया कि वह रिलाइंस कंपनी में काम करता है। उनकी कंपनी का टावर जठेड़ी रोड बढमलिक में लगा हुआ है। टावर से किसी ने आरआरएच सामान गायब मिला।

### घर से लैपटॉप व अन्य सामान चोरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मकान से लैपटॉप सहित अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नजदीक सब्जी मंडी निवासी हितेंद्र ने बताया कि गत 28 दिसंबर को करीब 11.30 बजे उसका लड़का अपने लैपटॉप, उसका चार्जर, हाथ की घड़ी, पावर बैंक, वीआरडीएस माउस, लैपटॉप स्टैंड, स्पीकर सामान रखा था। सुबह उठकर गली में अपने दरवाजे के पास ही घुम रहा था। उसी दौरान घर से कोई सामान चोरी करके ले गए।

### दुकान से नकदी व मोबाइल चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव शहजादपुर में रेत स्टॉक की दुकान से हजारों रुपये की राशि, मोबाइल फोन व सीसीटीवी की डीवीआर बॉक्स चोरी करके ले गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। शहजादपुर निवासी साहिल शर्मा ने बताया कि उसने गांव के अड्डे पर रेती का स्टॉक कर रखा है। गत 28 दिसंबर को रात आठ बजे अपनी दुकान पर ताला लगाकर चला गया। सुबह अगले दिन दुकान पर पहुंचा। उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ मिला।

### घर के बाहर खड़ा कैंटर चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर सोनीपत थाना क्षेत्र के ककरोई रोड पर घर के बाहर खड़ा कैंटर चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

गांव विकास नगर निवासी कृष्ण ने बताया कि उसके पास कैंटर है। उसने दस दिन पहले कैंटर को अपने मकान के बाहर खड़ा किया था। गत 29 दिसंबर को अपने काम से मेरठ जा रहा था। वह मकान के बाहर पहुंचा। जहां उसका कैंटर नहीं मिला। उसने अपने स्तर पर कैंटर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी एचसी अजीत सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में नैंसी, दिया, नव्या व वैभवी करेंगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ग्वालियर में 28 दिसंबर, 2023 से 2 जनवरी 2024 तक आयोजित एसजीएफआई राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की होनहार हॉकी खिलाड़ी नव्या, दिया, नैंसी का चयन हरियाणा राज्य की हॉकी टीम के लिए हुआ है। इसके साथ ही वैभवी हरियाणा टीम में गोलकीपर चयनित हुई है। इन खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 22 दिसंबर से 27 दिसंबर तक हिसार में था। लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की हॉकी खिलाड़ियों ने अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा राज्य की हॉकी टीम में जगह बनाई। खिलाड़ियों का हरियाणा टीम में चयन होने पर विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी व आगामी चैंपियनशिप में जीत के लिए शुभकामनाएं दी।




**सोनीपत।** प्रदेश की टीम के लिये चयनित खिलाड़ी।

## अविक धामा फ्लाइंग ऑफिसर बने स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

प्रताप स्कूल के पूर्व छात्र अविक धामा ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर अपने स्कूल, माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी उपलब्धि से उसका गाँव खेकड़ा, बागपत, उत्तर प्रदेश, माता-पिता और स्कूल प्रबंधन समिति गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। विद्यालय प्रांगण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व स्टॉफ ने फ्लाइंग ऑफिसर बनने पर अविक धामा को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2016-2017 में प्रताप स्कूल से 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय से पास की। बचपन से ही उनका सपना फ्लाइंग ऑफिसर बनने का था। जिसे साकार करने के लिए उसके मामा खांडा निवासी विक्रम दहिया ने उसका दाखिला प्रताप स्कूल में करवाया था। अविक धामा ने अपने कैमिस्ट्री टीचर सुकरमपाल व फिजिक्स टीचर रोहताश का विशेष रूप से धन्यवाद किया। विद्यार्थियों को अपने संदेश में उन्होंने कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपके अंदर विल पॉवर का होनी चाहिए।



**खरखौदा।** फ्लाइंग आफिसर अविक धामा का स्वागत करते एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया

# गोहाना के विकास को लगेंगे पंख, पहली बार लागू होगा डेवलपमेंट प्लान, मास्टर प्लान चंडीगढ़ भेजा

**जिला नगर योजनाकार विभाग ने मास्टर प्लान 2041 का ड्राफ्ट किया तैयार, शहरी स्थानीय निकाय विभाग की मंजूरी के बाद पब्लिश होगा**


**अवैध पर कसा जाएगा शिकंजा, ग्रुप हाउसिंग योजना के तहत विकसित की जा सकेंगी कॉलोनियां, कृषि योग्य भूमि पर निर्माण को मंजूरी जरूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत के उपमंडल गोहाना को सुनियोजित तरीके से विकसित करने की दिशा में काम शुरू हो गया है। इस कड़ी में पहली बार गोहाना के लिये डेवलेप प्लान लागू होने वाला है। इसके लिये बकायदा मास्टर प्लान का ड्राफ्ट तैयार करवाकर चंडीगढ़ भेजा जा चुका है। सबकुछ ठीक रहा तो नए साल में गोहाना क्षेत्र के लिये यह डेवलेप प्लान लागू हो जाएगा। मास्टर प्लान 2041 के नाम से सोनीपत के जिला नगर योजनाकर विभाग द्वारा मास्टर प्लान का ड्राफ्ट तैयार करवाकर शहरी स्थानीय निकाय चंडीगढ़ भेजा जा चुका है। जहां से जल्द ही यह ड्राफ्ट फाइनल होकर पब्लिशिंग के लिये चला जाएगा। ड्राफ्ट के पब्लिश होते ही गोहाना का डेवलेप प्लान भी स्वतः लागू हो जाएगा। डेवलेप प्लान लागू होने से एक ओर तो अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा। वहीं दीनदयाल आवास योजना सरीखी कई अन्य योजनाएं जिसमें गुरप हाउसिंग योजना भी शामिल हैं, उनके तहत भी गोहाना में कॉलोनियां विकसित की जा सकेंगी।

मास्टर प्लान के बारे में बात करें तो किसी भी क्षेत्र को सुनियोजित तरीके से विकसित करने के लिये जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा मास्टर प्लान तैयार किया जाता है। मास्टर प्लान के ड्राफ्ट में क्षेत्र में का नक्शा होता है, जिसमें रिहायशी, कमर्शियल, इंडस्ट्रीयल, एग्रीकल्चर भूमि को चिन्हित किया जाता है।

मास्टर प्लान के तहत क्षेत्र का कंट्रोल्ड एरिया भी निश्चित किया जाता है। कंट्रोल्ड एरिया में जमीन पर निर्माण से पूर्व जिला नगर योजनाकार विभाग की मंजूरी लेनी जरूरी होती है। इस तरह से किसी भी क्षेत्र के विकास में मास्टर प्लान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



**सोनीपत।** जिले का डीटीपी कार्यालय।

### पहला नहीं हुआ था मंजूर

ऐसा नहीं है कि गोहाना के लिये पहली बार मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इससे पहले भी वर्ष 2008 में गोहाना के लिय मास्टर प्लान 2021 तैयार किया गया था। ड्राफ्ट तैयार कर चंडीगढ़ भेज गया था, लेकिन इस मास्टर प्लान को मंजूरी नहीं मिल पाई थी। इसके बाद अब मास्टर प्लान तैयार कर भेजा गया है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। अगर ऐसा हुआ तो गोहाना में पहली बार डेवलेप प्लान लागू होगा। इस बार मास्टर प्लान के तहत गोहाना के 89 स्कवेयर किलोमीटर क्षेत्र को कंट्रोल्ड एरिया में शामिल किया गया है।

### सात गांव कंट्रोल्ड एरिया में, चार में इंडिस्ट्रयल एरिया

गोहाना के मास्टर प्लान के ड्राफ्ट के अनुसार वर्ष 1982 की नोटिफिकेशन के अनुसार गोहाना की नगर पालिका की सीमा के साथ लगते क्षेत्र को कंट्रोल्ड एरिया में रखा ही गया है। इसके साथ ही दो अलग-अलग नोटिफिकेशन के जरिये कई अन्य गांवों को कंट्रोल्ड एरिया में रखा गया है। वर्ष 2013 की नोटिफिकेशन के जरिये गामड़ी, खानपुर कलां, शामड़ी सिसान, कासंडी, कासंडा, कलेना, माच्छरी गांव को कंट्रोल्ड एरिया में शामिल किया गया है। वर्ष 2014 की नोटिफिकेशन के जरिये जौली, बिधल, लाठ और भैंसवाल में इंडस्ट्रीयल एरिया प्रस्तावित किया गया है।

### अवैध निर्माण पर कसा जाएगा शिकंजा

अभी तक की स्थिति के बारे में बताया जाए तो गोहाना में नगर पालिका अपने क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाई करती है, लेकिन जो नगर पालिका के बाहर का क्षेत्र है, वहां पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो पाती। डेवलेप प्लान लागू होने के बाद गोहाना में जो कंट्रोल्ड एरिया डिसाइड किया जाएगा, उसमें किसी भी तरह की जमीन पर निर्माण से पूर्व जिला नगर योजनाकर विभाग से मंजूरी लेनी होती है। जब तक मंजूरी नहीं मिल जाती, तब तक निर्माण नहीं किया जा सकता और निर्माण किया जाए तो इसे अवैध निर्माण की श्रेणी में रखा जाता है। ऐसे में कंट्रोल्ड एरिया में अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा।

### सभी उपमंडल में लागू होगा प्लान

सोनीपत जिले में गोहाना ही ऐसा क्षेत्र था जहां अब तक डेवलेप प्लान लागू नहीं हो पाया था। इसके अलावा खरखौदा, गन्नौर और सोनीपत के लिये पहले से ही डेवलेप प्लान लागू किया जा चुका है। सोनीपत के मास्टर प्लान में सोनीपत उपमंडल के साथ राई तहसील और कुंडली नगर परिषद को भी जोड़ा जाता है। जिले में अब तक सोनीपत व खरखौदा के दो तथा गन्नौर के तीन मास्टर प्लान लागू किए जा चुके हैं। कंट्रोल एरिया की बात करें तो गन्नौर में कुल 8, खरखौदा में 16 और सोनीपत में 37 एरिया को कंट्रोल्ड एरिया में शामिल किया गया है।

### डीडीजेएवाई के प्रोजेक्ट मिल सकेंगे

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2016 में दीनदयाल जन आवास योजना (डीडीजेएवाई) के तहत अफोर्डेबल प्लॉट्स की स्कीम शुरू की थी। जिसके तहत कोई भी व्यक्ति लाइसेंस लेकर सरकारी नियमों के अनुसार कॉलोनी विकसित कर सकता है। इस योजना के तहत गन्नौर, खरखौदा, राई, कुंडली व सोनीपत में कुल मिलाकर 43 लाइसेंस दिए जा चुके हैं। अभी तक सिर्फ गोहाना ही ऐसा क्षेत्र था, जहां पर डेवलेप प्लान लागू ना होने के कारण इस योजना के तहत कॉलोनी विकसित नहीं की जा सकती थी।

### विकास के लिए जरूरी

डेवलेप प्लान किसी भी क्षेत्र के विकास के लिये बहुत जरूरी होता है। गोहाना के डेवलेप प्लान को मंजूरी के लिये चंडीगढ़ भेजा गया है। जैसे ही उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देश मिलेंगे, उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**नरेश कुमार**, डीटीपी, सोनीपत

## छह दिवसीय कैंप में हिस्सा लेकर लौटा दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




रेडक्रॉस सोसाइटी पंजाब स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ के द्वारा सेक्रेट हर्ट स्कूल मोगा पंजाब में छः दिवसीय इंटर स्टेट जेआरसी ट्रैनिंग-कम-यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 24 दिसम्बर से 29 दिसंबर तक कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा स्टेट की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कॉउंसलर रमेश कुमार व छः जेआरसी लड़के तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़वासनी से काउंसलर आशा रानी व छः जेआरसी लड़कियों ने भाग गया। जेआरसी ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। ग्रुप डांस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों ने खाना बनवाने, साफ-सफाई व अनुशासन का पालन करते हुए राष्ट्र निर्माण की ओर अपना कदम बढ़ाया। पूर्व आईएएस अधिकारी शिव दुलार सिंह ढिल्लों ने बच्चों को पुरस्कृत किया। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने सभी बच्चों को बधाई। जिले में पहुंचने पर शशि मेहता व बिजेन्दर सिंह ने बच्चों का स्वागत किया।

## रंजिश में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के गांव जाखौली में कहासुनी की रंजिश के चलते मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव जाखौली निवासी टींकू ने बताया कि उसकी ससुराल से रिश्तेदार आए हुए थे। उसी समय उसके चाचा के लड़के प्रवीन व साहिल ने उसके भाई के साथ दिन में हुई कहासुनी को लेकर बात करने के लिए गली में बुलाया। दोनों भाई गली में आ गए। उसी समय साहिल ने डंडे से सिर व कमर में मारकर घायल कर दिया। उसके भाई राहुल को पीट-पीटकर घायल कर दिया। उसकी मां कमलेश बीच-बचाव करने के लिए आया। प्रवीन व साहिल ने उसकी मां को धक्का मारकर गिरा दिया। भीड़ इक्ट्ठी होती देख हमलावर फरार हो गए।

## डॉ सुमित कौशिक पीसी पीएनडीटी व एमटीपी एक्ट के नोडल अधिकारी बने

**सोनीपत।** स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ. जयकिशोर ने विभाग में प्रशासनिक स्तर पर बदलाव किया गया। इस दौरान फिरोजपुर बांगर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमित कौशिक को पीसी पीएनडीटी व एमटीपी एक्ट का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इससे पहले डेंटल सर्जन डॉ. सुभाष गहलावत पर नोडल अधिकारी थी। सिविल सर्जन ने डॉ. सुभाष गहलावत को पीसी पीएनडीटी नोडल अधिकारी पर से मुक्त कर दिया है।उप सिविल सर्जन डॉ. स्वराज चौधरी को परिवार नियोजन, स्कूल हेल्थ, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके), बहरेपन की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीपीसीडी), एकीकृत रोग निगरानी परियोजना (आईडीएसपी), कोविड-19, निरोगी व अन्य का नोडल अधिकारी बनाया गया।

## सीईटी परीक्षा के लिए बसों में फ्री में सफर कर सकेंगे अभ्यर्थी, दिखाना होगा रोल नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सीईटी परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को राहत देते हुए रोडवेज विभाग ने निशुल्क सफर की छूट दी है। इसके लिए अभ्यर्थियों को केवल अपना रोल नंबर परिचालक को दिखाना होगा। हालांकि रोडवेज ने परीक्षा को लेकर कोई निशुल्क बस नहीं चलाई है। रूट पर जाने वाली सभी बसों में अभ्यर्थियों में निशुल्क सफर की सुविधा मिलेगी।

बता दें कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से ग्रुप सी के लिए सीईटी की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा को लेकर करनाल व कुरुक्षेत्र में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सीईटी परीक्षा 30 दिसंबर के बाद 31 दिसंबर को भी आयोजित की जाएगी। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए रोडवेज बसें में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है।

रोडवेज विभाग की तरफ से सभी जिला महाप्रबंधक को पत्र जारी किए हैं। जिसमें करनाल व कुरुक्षेत्र जाने वाली सभी बसों के चालक-परिचालकों को निर्देश जारी किए हैं कि वह अभ्यर्थियों से किराया न वसूले। साथ ही यह भी निर्देश दिए हैं कि किस बस में कितने अभ्यर्थियों ने सफर किया है, इसका रिकॉर्ड भी रखें। योजना का लाभ उठाते हुए शनिवार को काफी अभ्यर्थियों ने परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क सफर का लाभ उठाया।



### परिचालकों को दिशा-निर्देश किए जारी

कुरुक्षेत्र व करनाल में सीईटी की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए अभ्यर्थियों को रोडवेज बसों में निशुल्क सफर की सुविधा देने के निर्देश दिए हैं। करनाल व कुरुक्षेत्र जाने वाले सभी चालक-परिचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के आधार पर निशुल्क सफर की सुविधा दें।

**-राहुल जैन**, महाप्रबंधक रोडवेज विभाग

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने व दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राशीद अली निवासी उत्तर प्रदेश हाल में गांव बारोटा का है।



पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 4 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी गत 3 दिसंबर को उसकी बेटी घर से सब्जी लेने के लिए गई हुई थी। सुबह तक उसका इंतजार करते रहे, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक महेंद्र सिंह की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी अध्यापक काबू, जेल भेजा

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने की वारदात में शामिल आरोपित योगा अध्यापक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित छिंमोय महत्तो निवासी हुगली पश्चिमी बंगा हालत में कैदारपुर दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अंदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 29 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी उम्र आठ साल गांव सेवली स्थित स्कूल में पढ़ती है। गत 28 दिसंबर को स्कूल में तैनात योगा अध्यापक उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसे गलत तरीके से छुआ। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी महेंद्र सिंह की टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए महिला विशेषज्ञ से काउंसलिंग करवाई। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित योगा अध्यापक को गिरफ्तार कर लिया।



# गिरते को करो सलाम, खूब लगाओ दांव, बरसेगा धन

## सिर्फ 100 रुपये हर रोज बचाएं और बन जाएं मालामाल



सुझाव | बिजनेस डेस्क

- सिर्फ चाय-सिगरेट के पैसों से भी बन सकते हैं करोड़पति
- नौकरी के साथ साथ ही तैयार हो जाएगा मोटा फंड
- चैन से कटेगा बुढ़ापा, बच्चों की शिक्षा के खर्च की नहीं होगी टेंशन
- म्यूचुअल फंड की एसआईपी में 12 फीसदी तक मिल रहा रिटर्न

कहते हैं कि अमीर बनने का सबसे आसान तरीका है, बचत करना। आजकल तो निवेश के ऐसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो मामूली सी रकम को पैसों के ढेर में बदल सकते हैं। बावजूद इसके लोगों में बचत और निवेश को लेकर जागरुकता काफी कम है। अगर कोई निवेशक सिर्फ चाय और सिगरेट की आदत छोड़कर इन पैसों को निवेश करें तो नौकरी खत्म होने तक उनके पास 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जमा हो जाएगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेश को लेकर लोगों के सुस्त रुझान से बहुत दिक्कतें आती हैं और कई लोग तो आर्थिक रूप से तंगहाली में ही दम तोड़ देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ ऐसे यूजर हैं, जिनके पास किसी न किसी ओटीटी का सब्सक्रिप्शन है. इस पर हर महीने 150 से 200 रुपये खर्च करते हैं, लेकिन म्यूचुअल फंड में 100 रुपये से भी निवेश करने वालों की संख्या इसकी महज 10 फीसदी यानी 2 करोड़ है. राधिका की बात कई मायनों में सही भी है, क्योंकि अगर नौकरी शुरू करने वाला युवा सिर्फ रोज के चाय-सिगरेट जितने खर्च का पैसा भी निवेश करे तो रिटायरमेंट तक मोटा फंड तैयार हो जाएगा।

### हर महीने कितना पैसा होगा जमा

मान लीजिए कोई दिनभर में सिर्फ 3 सिगरेट पीता है, जिस पर उसका औसतन खर्चा 60 रुपये होता है। इसके अलावा ऑफिस टाइम में 3 से 4 कप चाय पीता है तो भी औसतन 40 रुपये का खर्चा आएगा। दोनों को जोड़ दिया जाए तो रोजाना सिर्फ चाय-सिगरेट पर ही 100 रुपये का खर्चा हो जाएगा। यानी महीने में निवेश करने वाली रकम करीब 3,000 रुपये होगी।

### कैसे बनेगा करोड़ों का फंड


निवेश के जानकारों का कहना है कि अगर सिर्फ रोजना के चाय और सिगरेट के पैसों को निवेश किया जाए तो नौकरी करने के दौरान यानी करीब 30 साल में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड तैयार हो जाएगा। अगर 30 साल की उम्र में नौकरी शुरू करने के साथ ही कोई 3000 रुपये हर महीने की एसआईपी शुरू करता है तो 30 साल में उसकी ओर से कुल 10.80 लाख रुपये का निवेश किया जाएगा। इक्विटी म्यूचुअल फंड का लंबी अवधि में औसतन रिटर्न 12 फीसदी रहता है। इसी रिटर्न से देखा जाए तो रिटायरमेंट तक यह निवेश बढ़कर 1,05,89,741 रुपये पहुंच जाएगी। इस दौरान 95,09,741 रुपये सिर्फ ब्याज के रूप में मिलेंगे।

### किस फंड पर दांव लगाना सही

ऐसा नहीं है कि म्यूचुअल फंड सिप पर 12 फीसदी रिटर्न सिर्फ कहने की बात है। बाजार में कई ऐसी फंड योजनाएं हैं, जो 20 साल की लंबी अवधि में 12 फीसदी से कहीं ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखती हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार, कई ऐसे ही फंड हैं, जिनका 20 साल का औसतन रिटर्न 12 फीसदी से कहीं ज्यादा है।

### इन फंडों का ऐसा रिटर्न

- आदित्य बिड़ला वेल्थ एस्पायर फंड ने 10 साल से ज्यादा निवेश पर 19.20% फीसदी का रिटर्न दिया है।
- बजाज आलियांज स्मार्ट वेल्थ लक्ष्य ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 17.90% सालाना का रिटर्न दिया।
- एचडीएफसी लाइफ संपूर्ण निवेश में पैसे लगाने वालों को लंबी अवधि में हर साल 17.70% का रिटर्न मिला।
- मैक्स लाइफ ऑनलाइन बचत ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 16.90% का रिटर्न मिला।
- भारती एक्सा लाइफ वेल्थ प्रो फंड ने भी 10 साल से ज्यादा अवधि में 16.60% का औसतन रिटर्न दिया है।



## निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले गांठ बांध लें कि मोटे पैसे कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसलिए सबसे पहले तो लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें। निवेश करने से पहले जिस कंपनी के शेयर खरीद रहे हैं, उसकी प्रोफाइल भी जांच लें। हां एक बात और ध्यान रखें की निवेश से पहले अपने गोल तय करें और शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं। धैर्य और संयम बनाए रखें। अक्सर देखने में आता है कि पैसा लगाने वाले नए लोग एक बड़ी गलती ये करते हैं कि वह बढ़ते शेयरों पर दांव खेलते हैं। इसमें कुछ खराबी नहीं है, लेकिन इनसे कमाई की संभावना कम होती है या रिटर्न बेहद कम ही मिल पाता है। कई बार तो नुकसान भी उठाना पड़ता है। अगर कोई शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई के आसपास ट्रेड कर रहा है तो नए निवशकों को उससे दूरी ही बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि उस शेयर के गिरने के चांस काफी हाई होते हैं। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि बाजार में ऐसे शेयरों में पैसा लगाएं जो काफी टूट गए हों। यानी शेयर बाजार में गिरते को सलाम करें और खूब निवेश करेंगे तो धन बरसेगा यानी आपको बेहतर रिटर्न मिलेगा।

बाजार के जानकारों का कहना है कि यह कोई नहीं बात नहीं है। यह काफी पुराना और आजमाया हुआ फॉर्मूला है। बाजार के मंझे हुए खिलाड़ी इसे अच्छे से समझते हैं, लेकिन इसमें एक परेशानी यह है कि आपको कैसे पता चलेगा कि कोई शेयर अब अपने निचले स्तर तक पहुंच चुका है और अब वह उससे नीचे नहीं जाएगा। इसके पीछे कई फैक्टर्स काम करते हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण इंडिकेशन है कि उस शेयर का पिछला रिकॉर्ड लो है। अगर वह शेयर अपने रिकॉर्ड लो के करीब या उससे नीचे पहुंच गया है तो इसका मतलब है कि अब उस शेयर में खरीदारी का समय है। इस समय निवेशकों को चाहिए कि वे निवेश करें और अच्छा रिटर्न प्राप्त करें।

- बाजार में तेज गिरावट के समय दिग्गज देते हैं खरीदारी की सलाह
- यह पैसा बढ़ाने का सबसे बेहतर फार्मूला, कभी नहीं होंगे कंगाल
- अक्सर गिरावट के समय लोग पैनिक होते और पैसे निकालते हैं
- यह परंपरा गलत, रिकवरी का नहीं मिलता लाभ, होता है नुकसान
- निवेश का पहला मूल मंत्र संयम बनाए रखें
- इंतजार करें और अपने निवेश को बढ़ाते जाएं
- बाजार के उतार-चढ़ाव से घराएं नहीं
- शेयर बाजार में निवेश के लिए जरूरी है धैर्य
- जल्दबाजी में शेयर बेचने से हो सकता है नुकसान
- शेयर में पैसा लगाने से पहले देखें कंपनी की वित्तीय स्थिति



### अगर जारी रहा डाउनवर्ड ट्रेंड

एक सवाल ऐसे में यह भी उठता है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहा तो क्या होगा। कई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी फर्म इस पर कहती है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहता भी है तो भी घबराने की जरूरत नहीं है। कई बार मार्केट डाउन होने पर मजूबत शेयर भी क्रॉस फायरिंग में फंसते हैं और गिरते रहते हैं। यही वह समय है जब आपको घबराने की जरूरतर नहीं है और संयम बरतना है। अगर ऐसे में गिरावट से आपको घाटा लग भी रहा हो तो भी अपने शेयर को बेचें नहीं और धैर्य बनाए रखें, क्योंकि ये मजबूत शेयर जरूर वापसी करेंगे और आपके द्वारा डिस्काउंट पर की गई खरीदारी आपको जबरदस्त कमाई कराएगी यानी आपको मालामाल होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### किस बात का रखना है विशेष ध्यान

यह जरूर याद रखें कि किसी भी शेयर को बिना जांचे परखे न खरीदें। शेयर खरीदने से पहले कंपनी के वित्त और उस सेक्टर के भविष्य को लेकर अध्ययन जरूर कर लें। गिरावट की स्थिति में अगर खराब शेयर हाथ में लग तो 'कंगाली में आटा गीला' वाला हाल हो जाएगा।

### दिग्गजों की सलाह

जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे ने 2016 में कहा था कि जब मार्केट नीचे जा रहा हो तो शेयर खरीदने से पहले बहुत ज्यादा छानबीन नहीं करेंगे तो भी चल जाएगा। दिग्गज निवेशक जैक बोगल ने भी एक इंटरव्यू में 2018 में कहा था कि बाजार में हो रहे बदलावों (गिरावट) से घबराकर अपने मन को ना बदलें और शेयर खरीदकर उसे होल्ड करें। अगर आप रिकवरी (बाजार की) का फायदा उठाने से चूके तो संभव है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों से भी चूक जाएं।

### अनुशासन बनाए रखें

पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। इन बदलावों से आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जरूरी यह है कि निवेश में हमेशा अनुशासन बनाए रखें और निवेश करते जाएं।

### घबराहट में निर्णय न लें

हमेशा याद रखें कि अर्थव्यवस्था और बाजार का मिजाज चक्रीय होता है। जिस तरह तेजी का दौर आता है, वैसा ही गिरावट का दौर भी बन सकता है। जाहिर है, गिरावट वाले दौर में घबराकर बिकवाली करना अच्छी रणनीति नहीं होगी। अच्छे शेयर अक्सर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देते हैं।

### नुकसान में न बेचें शेयर

उतार-चढ़ाव शेयर बाजार का स्वभाव है। निवेशकों को शेयर बाजार में आई गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर आपने शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है और इसमें आपको अभी नुकसान हुआ है तो भी आपको नुकसान में अपने शेयर बेचने से बचना चाहिए। क्योंकि लॉन्ग टर्म में मार्केट में रिकवरी की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप अपने शेयर्स को लम्बे समय के लिए होल्ड करते हैं तो आपको नुकसान होने की उम्मीद कम हो जाएगी।



प्लानिंग से बनेगा फटाफट पैसा, आराम से कटेगा बुढ़ापा

# सिर पर आ गया रिटायरमेंट तो ऐसे करें निवेश का प्लान

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*इक्विटी फंड लंबी अवधि में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रहे*

**"रिटायरमेंट करीब आ गया है और आपके पास बुढ़ापे के लिए सेविंग नहीं है। ऐसे लोगों के लिए भी निवेश के कई विकल्प हैं, जहां कम समय में ही मोटा पैसा बनाया जा सकता है। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहे हैं तो आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।"**

यह बात सही है कि निवेश और बचत जितनी जल्दी शुरू की जाए, उतना ही बेहतर होता है और फायदा भी ज्यादा मिलता है, लेकिन, जिंदगी की जिम्मेदारियों को पूरा करने और लोन वगैरह चुकाने में फंसकर रह गए और सेविंग नहीं कर सके। ऊपर से रिटायरमेंट भी सिर पर आ गया है तो अब कहां पैसा लगाएं, जिससे फटाफट आपके खाते में एक मोटा फंड जमा हो जाए। रिटायरमेंट की प्लानिंग भी कई बार खर्चों और जिम्मेदारी की वजह से नहीं हो पाती और आप देखते ही देखते 50 की उम्र पार कर जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हुआ है और अभी तक रिटायरमेंट के लिए पैसे नहीं जोड़ सके हैं तो निवेश की अलग रणनीति बनाकर मोटा फंड जुटा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आपकी देनदारियां कम हों और आप बाजार में थोड़ा जोखिम उठाने के लिए भी तैयार हों। आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।



### ज्यादा रिटर्न वाले विकल्प चुनें

किसी भी नौकरीपेशा के लिए 50 साल की उम्र वह पड़ाव होता है, जब उसकी आय अपने उच्चतम स्तर पर और लोन आदि की देनदारियां लगभग खत्म होने की कगार पर रहती हैं। ऐसे में निवेशक जोखिम लेने में भी सक्षम रहता है तो उसकी पूरी रणनीति ज्यादा रिटर्न पाने की होनी चाहिए। इसके लिए इक्विटी आधारित निवेश पर जोर देना बेहतर होगा। कुछ हिस्सा इंटरनेशनल इक्विटी फंड, डेट फंड और सोने में भी लगाना चाहिए। निवेशक ध्यान रखें कि इक्विटी में लगाने वाले पैसे को कम से कम 10 साल तक बनाए रखेंगे तो 10-12% का जबरदस्त रिटर्न मिल सकता है।

### ... जोखिम नहीं लेना चाहते तो

50 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे निवेशक, जिनमें जोखिम लेने की क्षमता नहीं होती और शॉर्ट टर्म का लक्ष्य लेकर चलते हैं, उन्हें लार्जकैप सेग्मेंट में सबसे ज्यादा निवेश करना चाहिए। ऐसे निवेशकों को लॉर्जकैप फंड में कुल फोलियो का 50%, मल्टीकैप फंड में 40%, मिड और स्मॉलकैप फंड में 10% का निवेश करना चाहिए। इसके अलावा अन्य फंड से फोलियो घटाना हो तो कम अवधि वाली एफडी और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

### यह नियम अपना सकते हैं

- 60 के करीब हैं तो 3 भाग में बाटें पैसाः जब आपकी उम्र 60 के करीब हो या आप रिटायरमेंट ले चुके हैं तो निवेश को तीन भागों में बांटकर रिटर्न का लक्ष्य बनाएं।
- पहला लिक्विड फंड का खाता बनाएं जो आपको जरूरत पड़ने पर तत्काल पैसे उपलब्ध करा सके। इसमें 40 महीने के खर्च के बराबर राशि जमा करें, जो एफडी या शार्ट टर्म बांड में लगाई जा सकती है। इसमें 15-20% का निवेश हो।
- दूसरा स्थायी आय का विकल्प तैयार करें, जिससे निवेश पर कोई जोखिम न हो और निश्चित रिटर्न भी मिलता रहे। इसके लिए वय वंदन योजना या आरबीआई बांड में पैसे लगा सकते हैं। इसमें 45-50% का निवेश करना चाहिए।
- तीसरे विकल्प में ज्यादा रिटर्न देने वाले निवेश शामिल करें, जो फंड को तेजी से बढ़ा सकें। इसके लिए बाजार से जुड़े इक्विटी उत्पाद चुन सकते हैं। इसमें 30-40% हिस्सा लगाना चाहिए।

## आपके माता-पिता के लिए बेस्ट हैं ये सुरक्षित निवेश की स्कीम

बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर निवेशक अपने रुपये पैसे को लेकर ज्यादा सजग रहते हैं और जब निवेश की बात होती है तो वह इसके लिए पूरी तरह से सुरक्षित विकल्प खोजते हैं। सीनियर सिटीजंस के लिए अपनी जमा पूंजी के बड़े हिस्से को सुरक्षित निवेश करने और उसके जरिए स्टेबल रिटर्न पाने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे अच्छे विकल्पों में शामिल है। असल में रिटायरमेंट के बाद निवेशक बाजार का ज्यादा जोखिम लेने की स्थिति में नहीं होते हैं। ऐसे में निश्चित रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प उनके लिए बेहतर है। इस पर न सिर्फ रिटर्न की गारंटी होती है, बल्कि आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। सीनियर सिटीजेंस फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक सामान्य एफडी की तुलना में ज्यादा ब्याज देते हैं। इन योजनाओं में जोखिम बहुत ही कम होता है।

### बैंक देते हैं ज्यादा ब्याज

सीनियर सिटीजन आम तौर पर बाजार का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। उनकी जोखिम लेने की क्षमता कम होती है और वे अपना पैसा सुरक्षित निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं। बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान सीनियर सिटीजंस को लो रिस्क कैटेगरी का मानते हैं और उन्हें निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए एफडी पर ज्यादा ब्याज दरों की पेशकश करते हैं। एक और वजह यह है कि बैंक उन्हें अपना भरोसेमंद ग्राहक मानते हैं, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर सीनियर सिटीजंस की पसंद एफडी होती है।

### सीनियर सिटीजेंस एफडी के फायदे

ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजंस फिक्स्ड डिपॉजिट में सामान्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम की तुलना में 50 बेसिस प्वॉइंट यानी 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देते हैं। आपने तय ब्याज दर पर एफडी लॉक कर दी तो मैच्योरिटी तक दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी गारंटी के साथ रिटर्न मिलेगा। भारत में आरबीआई द्वारा बैंकों को रेगुलेट किया जा रहा है। सरकार समर्थित स्कीम होने के चलते एफडी पूरी तरह से सुरक्षित है।

### यह भी विकल्प

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर एनुअल बेसिस पर, तिमाही बेसिस पर या मंथली बेसिस पर इंटरेस्ट पेआउट का विकल्प चुन सकते हैं। एफडी का इस्तेमाल लोन लेने के लिए कोलैटरल के रूप में किया जा सकता है। सबसे जरूरी कि इसमें अकाउंट खोलने की प्रक्रिया बेहद आसान है।

### कितना लगता है टैक्स

बैंकों में 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 रुपये तक की जमा पर टैक्स बेनिफिट ले सकते हैं। वहीं, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80टीटीबी के अनुसार, सीनियर सिटीजंस एफडी पर एक वित्त वर्ष में अर्जित होने वाले 50 हजार रुपये तक के ब्याज पर टैक्स नहीं देना होता है। अगर किसी वित्त वर्ष में ब्याज की राशि 50 हजार रुपये से अधिक हो तो बैंक इस आय पर टीडीएस वसूलेंगे। आईटी की धारा 194ए के तहत टीडीएस वर्तमान में 10 फीसदी कम है। वरिष्ठ नागरिक एफडी पर अर्जित ब्याज के तहत टैक्स छूट का दावा करने के लिए फॉर्म 15एच का उपयोग कर सकते हैं।

### फॉर्म 15जी/फॉर्म 15एच की प्रयोज्यता

यदि आपकी मूल आय 2.50 लाख रुपये प्रति वर्ष की छूट सीमा से कम है। केवल एक व्यक्ति (60 वर्ष तक) या एचयूएफ या ट्रस्ट, फॉर्म 15जी जमा कर सकता है। यह कंपनियों और व्यवसायों के लिए नहीं है। 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को फॉर्म 15जी के स्थान पर फॉर्म 15एच भरना और जमा करना होता है।

म्यूचुअल फंड में निवेश के कई बेहतर विकल्प, पति की रिटायरमेंट तक बना लेंगी अच्छा खासा फंड

# हाउसवाइफ भी जोड़ सकती हैं करोड़ों की रकम

अक्सर देखा जाता है कि घरेलू महिलाओं के सामने आर्थिक आजादी की समस्या आ जाती है। जिंदगी में हर काम के लिए वह पति की कमाई और पूंजी पर निर्भर रह जाती हैं। लेकिन वे भी थोड़ी सी सावधानी के साथ बचत और निवेश करें तो आर्थिक रूप से आजादी के साथ ही पति की रिटायरमेंट तक घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक करोड़ से ज्यादा का फंड बना सकती है।

तैयारी | बिजनेस डेस्क

*हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का निश्चित जरिया नहीं*

हाउसवाइफ की जिंदगी किसी भी नौकरी पेशा से अधिक बिजी होती है। सुबह जल्दी जागकर घर का सारा काम करना। पति के लिए नाश्ता और लंच बनाना। बच्चों का टिफिन तैयार करना और बुजुर्गों की दिनभर देखभाल करना। एक हाउसवाइफ के लिए यह सारे काम रोज सांस लेने की तरह हैं। एकदम ऑफिस में काम करने जैसा, लेकिन इतना सारी जिम्मेदारियों के बाद भी वह आर्थिक रूप से आजाद नहीं रहती। सोचो क्या उनके पास वित्तीय आत्मनिर्भरता रहती है। 100 में 90 का जवाब होगा, नहीं। पर, अगर आप थोड़ा सा वक्त और पैसा अपने लिए निकालें तो पति की रिटायरमेंट होने तक एक करोड़ से ज्यादा का फंड जुटा लेंगी। इसलिए आपको सिर्फ थोड़ी सी प्लानिंग के तहत काम करना होगा और एक महीने में अपने रोजमर्रा के खर्चे से कम से कम 2600 रुपये तक बचाने होंगे। एक स्टॉक ब्रोकर कंपनी का कहना है कि ज्यादातर हाउसवाइफ की नजर सिर्फ परिवार की देखभाल और उनसे जुड़ी जिम्मेदारियों तक सिमटकर रह जाती है। इस भागदौड़ के बीच अगर सिर्फ मट्ठी भर पैसा हर महीने अपने नाम से जमा करना शुरू कर दें, तो पति की रिटायरमेंट तक आपके पास भी मोटा फंड बन जाएगा। आज महिलाओं के लिए भी ऐसे निवेश विकल्प हैं, जहां थोड़े पैसे लगाकर भी लंबी अवधि में बड़ी पूंजी जमा हो जाती है।

### कितने पैसे की होगी जरूरत

यह बात तो सभी जानते हैं कि हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का कोई निश्चित जरिया नहीं होता। इस लिहाज से घर खर्च में पैसे बचाकर वे अपने पास हर महीने कुछ रुपये जमा कर सकती हैं। अगर आप भविष्य के लिए फंड बनाने की सोच रहीं तो बस आपको बच्चे की रोजाना टिफिन जितना खर्चा ही बचाना होगा। मान लीजिए, बच्चे की रोज की टिफिन और जेब खर्च के पीछे आपके 100 रुपये खर्च होते हैं, तो हर महीने आप 4 रविवार हटाकर भी 2,600 रुपये का फंड जुटा लेंगे।



### इन पैसों को करें निवेश

आपने देखा कि हर महीने आपके पास 2,600 रुपये जमा हो रहे हैं तो अब आप एक म्यूचुअल फंड की एसआईपी खुलवा दीजिए। म्यूचुअल फंड में आप हर महीने 2,600 रुपये भी जमा करती हैं तो लंबी अवधि यानी 10 साल से ज्यादा के समय में आपको इस पर हर साल 12 फीसदी का औसत रिटर्न मिल जाएगा।

### पति की रिटायरमेंट तक कितना पैसा

मान लीजिए आपकी शादी 28 साल की उम्र में होती है और पति की रिटायरमेंट उम्र 60 साल है। इस तरह आपके पास निवेश करने के लिए 32 साल मिलेंगे। इन 32 सालों में 2,600 रुपये हर महीने के हिसाब से आप कुल 9,98,400 रुपये यानी करीब 10 लाख रुपये का निवेश कर सकेंगी। इस पर हर साल 12 फीसदी का रिटर्न मिलता है तो 32 साल में आपका कुल फंड बढ़कर 1,17,24,172 रुपये हो जाएगा, जिसमें ब्याज की रकम 1,07,25,772 रुपये होगी।


### इकोनॉमी में 16% से ज्यादा का योगदान

ध्यान रखने वाली बात यह है कि आपने 32 साल तक लगातार एक ही निवेश बनाए रखा है। अगर आप हर साल निवेश की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी करते हैं तो यह फंड और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह, पति की रिटायरमेंट आने तक आप घर में रहकर एक करोड़ से ज्यादा फंड तैयार कर लेंगी। इस तरह हाउसवाइफ को भी आर्थिक आजादी मिलेगी और वह भी आसानी से एक बढ़िया फंड तैयार कर लेगी। इसलिए जरूरी है कि महिलाओं को भी अपने रोजमर्रा के खर्च से कुछ न कुछ बचाकर निवेश करना चाहिए। इससे उनको आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

# सोनीपत की सड़कें होती रही खून से लाल

हरिभूमि न्यूज/सोनीपत

गांव ककरोई के पास 6 अक्टूबर को नहर में कार गिरने से जून में अकाउंट मैनेजर सहित तीन लोगों की मौत हुई थी। जिसमें प्रमोद कुमार नर्मदा पोलीमर्स कंपनी सेक्टर 4 आईएमटी मानेसर जिला गुरुग्राम में अकाउंट मैनेजर था। उत्तम विहार भगवती विहार निवासी नीरज गाड़ी चला रहा था। कैलाश शर्मा गाड़ी में सवार था। नहर में डूबने से मौत हो गई थी।





गांव ककरोई के पास 11 अक्टूबर को तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पश्चिमी यमुना लिंक नहर में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई और उनका चौथा दोस्त लापता हो गया था। शवों की पहचान सुखविंद्र, अरविंद व नवीन के रूप में हुई थी।



कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रस-वे पर पिपली के पास गत14 अक्टूबर को हुए हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई थी। पिकअप सवार श्रमिक लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश के मुर्तजाअली नगर गांव से झज्जर के रैय्या गांव धान कटाई के लिए जा रहे थे। जोकि हादसे का शिकार हो गए थे। जिसमें अकौरा, जिला हरदोई के 40 वर्षीय परमेश्वर, पतजीहा, जिला पिलीभीत के 28 वर्षीय सर्वेश, मुर्तजाअली नगर, जिला लखीमपुर खीरी के 27 वर्षीय भानू व अकौरा, जिला हरदोई के रहने वाले 22 वर्षीय बृजेश सहित रईया झज्जर के चालक विजय की मौत हुई थी।

गत 30 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर हुए दर्दनाक हादसा में निकाह से लौट रहे दूल्हे के सगे भाई समेत चार चचेरे व फुफेरे भाईयों की मौत गई थी। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे में मृतकों की पहचान दिल्ली के नंदनगरी इलाके के निवासी फैसल, नदीम, मोहम्मद जैद और आजम के तौर पर हुई है। घायल दिलशाद भी उसी इलाके का रहने वाला है। परिजनों को जब इसकी सूचना मिली थी तो जहां परिवार के लोग जश्न मना रहे थे वहीं शोक में डूब गए। परिजनों पर आफत की पहाड़ टूट गई।





## रंजिश और कहासुनी में बहाया खून



15 सितंबर के दिन क्षेत्र में उस समय दहशत फैल गई थी जब लाठ-जौली चौक में 2 सेवानिवृत्त फौजियों पर गोलियां बरसाकर उनकी हत्या कर दी गई थी। हमलावरों ने 35 राउंड फायर किए थे। इस घटना के लगभग पांच माह पहले 22 अप्रैल को गांव में सूरज की गोलियां मारकर हत्या कर दी



## समय रहते पानी बंद नहीं होता तो ...



*गांव धनाना में 9 अक्तूबर की सुबह भिवानी सब ब्रांच की पटरी टूट गई थी। प्रातः का समय था और लोग अपने खेतों में पहुंचने शुरू हो गए थे। अगर अगर थोड़ी देर पटरी टूटने की सूचना नहीं मिलती तो नहर का पानी पूरे गांव की फसल और आबादी क्षेत्र को तबाह कर देता। ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ, तत्परता और प्रशासन के सहयोग से अपनी हजारों एकड़ धान की फसल को नुकसान से बचाया था।*

## पत्नी और बेटे को मार डाला

**खरखौदा।** थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर में गत 8 अप्रैल 2023 को अपनी पत्नी कुसुम और बेटे इशांत को मौत के घाट उतारने के बाद हत्यारोपित शमशेर खुद ही खरखौदा पुलिस थाने पहुंचा और वारदात को अंजाम देना कबूल किया था। घटना की सूचना पाकर खरखौदा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सरपंच को गोलियों से भूना था

*पंचायत चुनाव की रंजिश में 11 दिसंबर को गांव छिछड़ाना में सरपंच की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर उसका रिवाल्वर भी उठा ले गए। हमलावरों ने गांव पहुंचकर उसके चचेरे भाई राजू पर भी गोलियां बरसाई थी लेकिन वह बच गया था। पुलिस ने पंचायत चुनाव में राजेश के साथ दलबीर बैरागी चुनाव लड़ रहे थे। दलबीर की चुनाव से दो दिन पहले हत्या कर दी गई थी। उसके बाद यह मामला रंजिश में बदल गया था।*

## कॉलेज बनवाने की मांग हो रही थी

*गन्नौर में लंबे समय से राजकीय कॉलेज बनवाने की मांग की जा रही थी। वर्ष 2022 व 2023 में विधायक निर्मल चौधरी ने कालेज बनवाने की मांग को विधानसभा में उठाया। उसके बाद 2023 में राजकीय कालेज शुरू कर दिया गया और बच्चे अब पढ़ाई कर रहे है। इससे आसपास के छात्रों को सुविधाएं मिली और आगे की पढ़ाई के लिए एक अवसर प्राप्त हुआ। खासकर लड़कियों के लिए यह सुविधा वरदान साबित हुई।*

## दुष्कर्मियों को सुनाई फांसी की सजा

कुंडली थाना क्षेत्र में दो नाबालिग बहनों के साथ दुष्कर्म के आरोपितों को इस साल 24 नवंबर को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई। चारों दोषियों ने नाबालिग बहनों के साथ घिनौनी हरकत करने के बाद उन्हें जहरीला पदार्थ पिला दिया था। जिसकी वजह से दोनों नाबालिगों की तड़प-तड़प कर मौत हो गई थी, ये वारदात अगस्त 2021 में हुई थी।

## पिता और भाई को फांसी

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह ने 29 मई को गांव खंदराई में प्रेम विवाह करने से नाराज होकर झूठी शान के लिए बेटी की गला रेतकर हत्या करने के मामले में आरोपी पिता व भाई को अदालत ने दोषी करार दिया है। दोनों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई थी।

## इस साल मिली 76 नई बसें



इस साल मिली 76 नई बसें, किल्लत हुई खत्म

इस साल सोनीपत डिपो के बनने के बाद से पहली बार एसी बसों को शामिल किया गया है। बसों की किल्लत झेल रहे रोडवेज बेड़े में 76 नई बसें पहुंची है। जिसमें 66 सामान्य तो 10 एसी बसें शामिल हैं। साल 2023 के तीसरे माह में डिपो में नई बसों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ था जो साल के अंत तक जारी रहा। जिसके बाद ही जिले की परिवहन व्यवस्था पटरी पर लौटी। डिपो में पहुंची 10 एसी बसों में एक बस गोहाना सब डिपो में जबकि नौ बसें का सोनीपत डिपो से विभिन्न रूटों पर परिचालन किया जा रहा है। बेड़े में शामिल की गई 66 सामान्य नई बसों में 16 बसें गोहाना सब डिपो को दी गई है, जबकि 50 बसें सोनीपत डिपो में सेवाएं दे रही हैं।

## दो कॉलेजों को पीएमश्री का दर्जा

*इस वर्ष जिले को दो नए महाविद्यालयों की सौगात मिली तो तीन स्कूलों को पीएमश्री स्कूल का दर्जा दिया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई। जिले के गन्नौर व जाखौली में दो नए महाविद्यालय शुरू किए गए हैं। जिसकी क्षेत्रवासी लंबे समय से मांग करते आ रहे थे। हालांकि यह महाविद्यालय स्कूलों के कमरों में चल रहे हैं।*

## नेक से बी-प्लस ग्रेडिंग मिली

*साल 2023 खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला महाविद्यालय के लिए बेहद खास रहा है। साल 2006 में कन्या गुरुकुल को विश्वविद्यालय का दर्जा मिला था, लेकिन विश्वविद्यालय के पास नेक की ग्रेडिंग नहीं थी। यूजीसी की तरफ से ग्रांट लेने के लिए ग्रेडिंग होना अनिवार्य है। नेक की टीम ने विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर के ग्रेडिंग दी है। महिला विश्वविद्यालय को करीब 17 वर्ष बाद नेक से बी-प्लस ग्रेडिंग मिली है।*

## रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शुरू

गन्नौर में अगवानपुर रोड पर सबसे व्यस्त दिल्ली- चंडीगढ़ रेलमार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य इसी वर्ष शुरू हो पाया। इस आरओबी के निर्माण की मांग काफी लंबे समय से लंबित पड़ी थी।

## पूरा हुआ एनएच-44 का काम

एनएच-44 पर सरपट वाहन दौड़ाने का स्वप्न आखिरकार साढ़े सात बाद साकार हो गया। सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार दिल्ली के मुकरबा चौक से पानीपत तक प्रस्तावित 8 लेन के हाईवे व चार लेने के संपर्क मार्ग की सौगात इस वर्ष मिल गई। निर्माण कंपनी की खामी, फिर लॉकडाउन और उसके बाद किसान आंदोलन ने इस हाईवे के निर्माण में बाधाएं डाली थी। एनएच-44 के 70 किलोमीटर लंबे हिस्से का शिलान्यास 5 नवंबर, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 20 जून को बीसवां मील के पास कुंडली से पानीपत तक चौड़ीकरण के बाद तैयार हुए 8 लेन के 24 किलोमीटर लंबे हाईवे, चार लेन के संपर्क मार्ग व 11 फ्लाईओवरों को लोकार्पित किया।



## बनना शुरू हुआ राठधना रोड

*कई सालों से राठधना रोड पर 950 मीटर का टुकड़ा पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के बीच क्षेत्र विवाद के चलते टूटा हुआ था। जिसके कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। 25 नवंबर को ही इस सड़क के निर्माण का कार्य शुरू किया गया। 3 करोड़, 3 लाख की लागत से बनने वाले इस हिस्से का शुभारंभ करने के लिये सांसद रमेश कौशिक और मेयर निखिल मदान ने नारियल फोड़ा था।*

## नए साल पर एक वर्ष का हो गया हमारा कमिश्नरी जिला सोनीपत

*राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का हिस्सा होने व लगातार बढ़ते शहरी व औद्योगीकरण के चलते सोनीपत को गत वर्ष 25 दिसंबर को पुलिस कमिश्नरी बनाने की घोषणा हुई थी। जिसके बाद एक जनवरी 2023 को कमिश्नरी को लागू किया गया था। यहां पर आईजी रैंक के अधिकारी को पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। वहीं जिले के सभी थानों को तीन पुलिस जोन में बांट दिया गया है। अब कमिश्नरी बनाकर सोनीपत को पूर्वी जिला, पश्चिमी जिला और गोहाना पुलिस जोन बनाएं गए है। इन तीनों जोन का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी के हाथों में है। इनके अलावा जिले में सीआईए के चार थाने, तीन महिला थाने, एक वाहन चोरी निरोधक स्टाफ और एक एंटी नारकोटिक्स थाना सहित तीन यातायात थाने हैं।*

*तीन जोन में बांटे गए हैं थाने-*

*ईस्ट पुलिस जोन*

*इसमें नेशनल हाईवे-44 के सभी थाने गन्नौर, बड़ी, मुरथल, राई, बहालगढ़ और कुंडली थाना शामिल है।*

*वेस्ट पुलिस जोन*

*थाना सिटी सोनीपत, सदर सोनीपत, सिविल लाइन, सेक्टर-27 और थाना खरखौदा शामिल है।*

*गोहाना पुलिस जोन*

*थाना मोहाना, सिटी गोहाना, सदर गोहाना और थाना बरोदा को शामिल किया है। गुरुग्राम, फरीदाबाद और पंचकूला के बाद चौथी पुलिस कमिश्नरी बना है सोनीपत- सोनीपत प्रदेश की चौथी पुलिस कमिश्नरी बनाया गया है। अब तक गुरुग्राम, फरीदाबाद व पंचकूला में ही पुलिस कमिश्नरी थी। धीरे-धीरे नई व्यवस्था से पुलिस बल की संख्या बढ़ेगी। एनसीआर में शामिल सोनीपत में लगातार शहरीकरण व औद्योगीकरण हो रहा है। ऐसे में इसको कमिश्नरी बनाया जाना आवश्यक था। एक जनवरी 2024 को सोनीपत एक साल का कमिश्नरी जिला बन जायेगा।*

## बच्चों ने शिक्षकों संग मनाया नववर्ष




हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

दिल्ली विद्यापीठ में शनिवार को बच्चों ने अध्यापकों संग नववर्ष 2024 का स्वागत किया। इसमें बच्चो ने भारत के विभिन्न प्रांतों के खान पान, लोक नृत्यों, त्योहारों आदि को दर्शाते हुए भारत की विविधता को उजागर किया। इस अवसर पर नौवीं से बारहवीं के बच्चो निकिता अंतिम मुस्कान अंशिका छवि पलक आरोही, ऋतिक, काजल ने गुजरात के ढोकला, खाखरा, फाफड़ा आदि व्यंजन बनाए। इसके बाद छठी से आठवी कक्षा तक के बच्चों के माध्यम से सभी धर्मो के तीज त्योहारों होली दिवाली, ईद, जमाष्टमी, लोहड़ी बैसाखी, क्रिसमस, राखी भैया दूज आदि की झलकी दिखाते हुए सर्व धर्म समभाव दर्शाया। रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के पश्चात विद्यालय संचालक वीर सिंह सैनी ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बार बच्चो ने नए साल का स्वागत बड़े मनभावन तरीके से किया है। अंत में प्रधानाचार्या अराधना ग्रोवर ने सभी को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए सभी बच्चो से आने वाले साल के लिए एक संकल्प लेने का आग्रह किया।

## विधायक ने सरकारी विद्यालय में वितरित की गर्म स्कूल ड्रेस



**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गुड़मंडी में विद्यार्थियों को सर्दी के मौसम को मद्देनजर रखते हुए स्कूल शूज, जुराब व जर्सी वितरित की। सर्दी के मौसम में नए शूज, जुराब व जर्सी मिलते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। विधायक सुरेंद्र पंवार रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट के कार्यक्रम के तहत राजकीय स्कूल में ड्रेस वितरण कार्यक्रम में पहुंचे थे।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि कुछ समय पहले जब वह स्कूल में वॉटर कूलर की सौगात देने आए थे, उस समय विद्यार्थियों ने स्कूल शूज, जुराब व जर्सी देने की बात कही थी। सभी विद्यार्थियों को स्कूल शूज, जुराबें व जर्सियां वितरित की गई। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि जरूरतमंद को यदि गर्म वस्त्र मिल जाए तो वह भी बहुत पुण्य का काम है।

## रोगियों को 6 माह के लिए आहार पोषण की जिम्मेदारी ली

**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब सोनीपत ने नागरिक अस्पताल सोनीपत में तपेदिक रोग से पीड़ित 6 रोगियों को 6माह के लिए उनके आहार पोषण की जिम्मेदारी ली। क्लब प्रधान सुषमा दहिया ने तपेदिक रोग से ग्रस्त 6 रोगियों को आश्वासन देते हुए साफ-सफाई का व समय पर दवाईयां लेने के लिए आग्रह किया। क्लब की गणमान्य सदस्य शांति सोलंकी ने पोषक तत्वों जैसे मूंगफली, सोयाबीन, गुड़, काले चने, सूप, हरी सब्जियां, साग, सलाद और आंवला आदि को अपने आहार में शामिल करने के लिए आग्रह किया। क्लब सचिव सुखदा नागपाल ने पहला सुख निरोगी काया का संदेश देते हुए साफ सफाई रखने को कहा।



## एनएसएस से होता है विकास



**सोनीपत।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन सोनीपत की एनएसएस इकाई द्वारा वार्षिक सप्त दिवसीय विशेष शिविर की विधिवत शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी मंजू गर्ग द्वारा की गई। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब की बार के इस शिविर का थीम आत्मनिर्भर भारत है। एनएसएस हमें इस तरह प्रशिक्षत करता है कि हमारा सर्वांगीण विकास हो। विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार दहिया ने कहा कि इस तरह के शिविर हमें नई बातें सिखाते हैं। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी पवन सीताराम भी मौजूद रहे। इसके लिए एस्टीमेट तैयार करवा दिया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028